भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 70 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 27 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का तंज - 'भजनलाल सरकार पूरी तरह नाकाम, दिल्ली से पर्ची बदलने की तैयारी'

**भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर**



राजस्थान की सियासत में मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी सरकार पर तीखे प्रहार किए। जोधपुर में मीडिया से बातचीत में डोटासरा ने दावा किया कि भजनलाल सरकार हर मोर्चे पर नाकाम साबित हुई है और मुख्यमंत्री की कुर्सी खतरे में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पर्ची बदलने की तैयारी हो चुकी है, क्योंकि मंत्रियों और विधायकों की शिकायतें लगातार आलाकमान तक पहुंच रही हैं।

डोटासरा ने सरकार की कार्यशैली को निशाने पर लेते हुए कहा कि किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ रही हैं, जबकि मंत्रियों के बीच आपसी खींचतान और तनातनी चरम पर है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ÷कुछ मंत्री जेसीबी पर चढ़ रहे हैं, कुछ टावर पर और कुछ हेलीकॉप्टर से उड़ रहे हैं, लेकिन जनता के लिए जमीनी काम कोई नहीं कर रहा।÷

उन्होंने मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और जवाहर सिंह बेढम के बीच चल रही खींचतान को लेकर भी कटाक्ष किया। डोटासरा ने कहा कि हाल ही में किरोड़ी लाल मीणा दिल्ली जाकर बेढम की शिकायत कर आए हैं, और अब दोनों को एक साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में भेज दिया गया, मानो शेर और बकरी को एक घाट पर पानी पिलाने की कोशिश हो।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को ÷सिर्फ भाग्य के सहारे बना नेता÷ बताते हुए कहा कि जब वे पद पर नहीं रहेंगे तो पूर्व मुख्यमंत्री तो कहलाएंगे, लेकिन जनता का मूल्यांकन काम के आधार पर होता है, पद के आधार पर नहीं। उन्होंने कहा कि विधायकों और जनता की शिकायतें सुनने में नाकाम रहने के बाद अब मुख्यमंत्री मिलन समारोह कर अपनी कुर्सी बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

बाढ़ पर हो रही बयानबाजी को लेकर भी डोटासरा ने सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब मंत्री खुद यह कह रहे हैं कि बाढ़ से 80 लोगों की मौत होगी, तो मुख्यमंत्री क्यों चुप हैं? उनका दायित्व कहां है?

पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने सरकार पर संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने में विफल रहने का आरोप लगाया। डोटासरा ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव समय पर हो रहे हैं, तो पंचायत चुनाव क्यों टल रहे हैं?

अंता उपचुनाव के सवाल पर डोटासरा ने साफ किया कि टिकट का फैसला आलाकमान करेगा। उन्होंने संकेत दिए कि नरेश मीणा को इस बार टिकट मिलने की संभावना कम है। डोटासरा ने अंत में कहा कि बीजेपी सरकार से न जनता खुश है और न कार्यकर्ता, क्योंकि डेढ़ साल में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को भी बर्बाद कर दिया गया है।

# अवैध गांजा सहित युवक गिरफ्तार ,12.78 लाख कीमत का मादक पदार्थ जब्त



**भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा**

मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम बैमाली चौराहे पर स्थित दुकान व किराए के मकान में दबिश देकर एक युवक को 25.570 किलोग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 लाख 78 हजार 500 रुपये आंकी गई है।

थानाधिकारी पुरणमल मीणा ने बताया की अवैध गांजे के साथ बैमाली, करेड़ा निवासी कृष्ण गोपाल सिंह चौहान पुत्र भगवत सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।

# जिला स्पेशल टीम और मंगरोप पुलिस की कार्रवाई अवैध बजरी खनन में लिप्त पांच वाहन जब्त




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



अवैध बजरी माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम और थाना मंगरोप पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई कर धांगडास के पास बनास नदी में दबिश देकर अवैध खनन और परिवहन में लिप्त दो पोकलेन मशीन, एक डंपर, एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर को मौके पर जब्त किया।

जिला स्पेशल टीम प्रभारी राजपाल सिंह, उपनिरीक्षक जोगेन्द्र सिंह व उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को पकड़ा। इसके बाद माइनिंग विभाग की टीम को बुलाकर जप्ती की कार्रवाई की गई है । पुलिस ने जप्त वाहनों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# रायला के स्कूल का कक्ष ढहा, 73 बच्चों की जान बची

## समय रहते सील किए जाने से टला बड़ा हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**मूलचंद पेसवानी।** शाहपुरा विधान सभा क्षेत्र के रायला कस्बे की जनता कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का एक कक्षा-कक्ष मंगलवार सुबह अचानक तेज धमाके के साथ ढह गया। हादसे के समय विद्यालय में 73 बच्चे मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि जिस कक्ष का मलबा गिरा, उसे पहले ही अधिकारियों ने सील कर दिया था। यही सतर्कता बच्चों के लिए जीवनदायी साबित हुई।

ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने बताया कि भवन लंबे समय से जर्जर हालत में था। दीवारों में दरारें और छत कमजोर हो चुकी थी। प्रधानाध्यापक एहसान अली ने बताया कि पीछे पानी भरने की समस्या से नींव कमजोर हो गई थी, जिसकी शिकायतें कई बार उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई गई थीं।

कुछ दिन पहले बनेड़ा उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास व शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर भवन को खतरनाक बताते हुए संबंधित कक्ष को सील कर दिया था। इसी कारण मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया।

घटना के बाद विद्यालय परिसर में अभिभावक और ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। सभी ने राहत की सांस ली कि सील किया गया कमरा खाली था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से शिकायतें करने के बावजूद विभाग ने लापरवाही बरती।

ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को लंबे समय तक खुले मैदान में पढ़ाना संभव नहीं है। गर्मी और बरसात के मौसम में स्थिति और कठिन होगी। उन्होंने विद्यालय भवन के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की।

शिक्षा विभाग ने आश्वासन दिया है कि गिरे हुए कमरे का मलबा जल्द हटाया जाएगा और भवन के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। विभाग का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सड़क निर्माण की पुलिया में डाली गई मिट्टी बनी मुसीबत




**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

कस्बे में सड़क निर्माण कार्य के दौरान पुलिया पर डाली गई मिट्टी अब आमजन के लिए परेशानी का कारण बन रही है। मंगलवार को एक एंबुलेंस वैन, जो भीलवाड़ा से दातड़ा गांव जा रही थी, जहाजपुर रोड स्थित पुलिया पर कीचड़ में फँस गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

एंबुलेंस चालक ने बताया कि वह भीलवाड़ा महात्मा गांधी अस्पताल से सीता दरोगा पत्नी राजू दरोगा निवासी हाजीवास की डिलीवरी को लेकर दातड़ा गांव छोड़ने जा रहा था, तभी यह घटना हुई।

ग्रामीणों ने एंबुलेंस को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पास से गुजर रही सरस डेयरी की ट्रक की मदद से एंबुलेंस को टोचन कर बाहर निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया पर मिट्टी डालने के बाद उसे समतल और मजबूत नहीं किया गया, जिसके चलते आए दिन वाहन फँसने की स्थिति बन रही है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

# एएसपी ने लिया कोटड़ी जलझूलन महोत्सव की तैयारियों का जायजा

## आज से होगा नौ दिवसीय मेले का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



**राजेंद्र बबलू पोखरना ।** मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम श्री चारभुजा नाथ का विशाल जलझूलन महोत्सव बुधवार को गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होगा। नौ दिवसीय मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य ने कोटड़ी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

एएसपी आर्य ने वृत्ताधिकारी रविंद्र यादव व थाना प्रभारी महावीर मीणा के साथ मंदिर परिसर, रेवाड़ी मार्ग, जलझूलन घाट, पदयात्रा मार्ग व पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर पुलिस व प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। इस बार सुरक्षा हेतु 45 गार्ड तैनात किए जाएंगे। मंदिर पर लगे 28 कैमरों के साथ अतिरिक्त 35 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही 24 घंटे कंट्रोल रूम और हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जाएंगे।

डीएसपी रविंद्र यादव ने बताया कि यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस जाप्ता और सीसीटीवी निगरानी की विशेष व्यवस्था रहेगी। भीड़भाड़ वाले स्थलों और बेवाण मिलन स्थलों को चिह्नित कर अतिरिक्त जाप्ता लगाया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष गाड़ोदिया ने बताया कि बुधवार सुबह 8 बजे गणेश पूजन, अभिषेक, आरती, हवन व 108 गणपति अर्थवशीर्ष का पाठ होगा। दोपहर 3 बजे गणेश शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी, जिसमें मंशापूर्ण व्यायामशाला जावद (म.प्र.) के सदस्य अखाड़ा प्रदर्शन करेंगे। 28 अगस्त को रात्रि 8 बजे ऋषि पंचमी पर 108 हनुमान चालीसा का पाठ और प्रसाद वितरण होगा। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारी श्यामसुंदर चेचाणी, चंपालाल तेली, वीरेंद्र लोढ़ा, सुदर्शनपाल डागा, राकेश काबरा, अमित गुजराती, अरविंद प्रजापत, मुकेश राव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# मांडलगढ़-बिजौलिया को बड़ी सौगात, अस्पताल भवन और सड़कों के लिए करोड़ों की स्वीकृति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



डिस्टिक मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट की गवर्निंग काउंसिल की तैयारी बैठक में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र को बड़े विकास कार्यों की सौगात मिली है। सबसे अहम निर्णय के तहत बिजौलिया और मांडलगढ़ में उप जिला चिकित्सालय भवन निर्माण के लिए 4338-4338 लाख रुपए तथा बलियास में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए 836 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आई इस बड़ी स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इसके साथ ही क्षेत्र में सड़कों और ओपन जिम के लिए भी करोड़ों रुपए की मंजूरी दी गई। अटल प्रगति पथ के तहत बरूंदनी से पारसोली तक 2 करोड़ रुपए, बिजौलिया में भगवानपुरा से माणक चौक तक 1.20 करोड़, आरोली से पचानपुरा तक 1.05 करोड़, मांडलगढ़ के देवीपुरा से रेबारियो की ढाणी तक 90 लाख, अमरतिया से पदमपुरा तक 2 करोड़, बीगोद से त्रिवेणी चौराहे तक 90 लाख, गणेशपुरा 35 लाख, महुआ-धामनिया 85 लाख और गणेशपुरा से हिंदूसिंह जी का खेड़ा तक 85 लाख रुपए की स्वीकृति जारी हुई है।

इसी तरह, ओपन जिम के लिए बीगोद में 7 लाख रुपए तथा बिजौलिया के आरोली, जलिंद्रि, कांस्या, मकरेडी, मांडलगढ़ के बरूंदनी, काछोला खटवाड़ा, लाडपुरा, महुआ, मानपुरा, मोहनपुरा और मुकुंदपुरिया गांव में ढाई-ढाई लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन विकास कार्यों की स्वीकृति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक गोपाल खंडेलवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे मांडलगढ़ विधानसभा के स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे में व्यापक सुधार होगा।

# एएसपी के लिए 3.50 लाख की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार

## चित्तौड़गढ़ निवासी दलाल रंगे हाथ पकड़ा, एएसपी की भूमिका संदिग्ध

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

डॉ. चेतन ठठेरा

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर की तृतीय इकाई ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी दलाल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के लिए ?3.50 लाख रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की कार्यवाहक महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि चित्तौड़गढ़ निवासी शांतिलाल सोनी पुत्र गोपाललाल सोनी, निवासी कपासन उसके विरुद्ध दर्ज प्रकरण में राहत दिलाने और बीएमडब्ल्यू कार की बिक्री से बकाया राशि दिलाने के एवज में एएसपी हितेश मेहता (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट-क्राइम अगेंस्ट वीमेन, उदयपुर) के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा है।



शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा ?3.50 लाख की रिश्वत मांगने के तथ्य सामने आए। इस पर एसीबी उप महानिरीक्षक आनंद शर्मा के सुपरविजन में एएसपी ज्ञान प्रकाश नवल व डीएसपी सुरेश कुमार स्वामी के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई कर शांतिलाल सोनी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में एएसपी हितेश मेहता की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, जिसकी पृथक से जांच की जाएगी। प्रकरण भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज कर आगे अनुसंधान जारी है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत, मवेशियों को पानी पिलाते समय हादसा

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल

थाना क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। मवेशियों को पानी पिलाने गया 18 वर्षीय युवक तालाब में फिसलकर डूब गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों और पुलिस ने उसे बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया की मंगलाराम (18) पुत्र गोपाल भील रोज की तरह मंगलवार को मवेशी चराने निकला था। दोपहर बाद वह तालाब पर पशुओं को पानी पिलाने पहुंचा, तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की परिजनों और पुलिस को सूचना दी।



सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण तालाब पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला। युवक को तुरंत मांडल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# इंटर्न नाबालिग से छेड़छाड़, डॉक्टर पर दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के एक निजी अस्पताल में इंटर्नशिप कर रही 17 वर्षीय नाबालिग ने वहां कार्यरत डॉक्टर पर सुनसान जगह ले जाकर छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



घटना सोमवार शाम सुभाष नगर थाना क्षेत्र में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी डॉक्टर ने नाबालिग की मां को संदेश भेजकर उसे अस्पताल बुलवाया। वहां पहुंचने पर डॉक्टर उसे जबरन अस्पताल से बाहर सुनसान इलाके में ले गया और छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान आसपास लोगों की आवाजाही बढ़ने पर आरोपी मौके से भाग गया।

घबराई हुई नाबालिग घर लौटी और रोते हुए परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद मंगलवार शाम को पिता ने थाने पहुंचकर डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि मामले में पॉक्सो एक्ट सहित प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी डॉक्टर की तलाश की जा रही है।

# शहर के सौंदर्यीकरण कार्य तय समय पर पूर्ण करें अधिकारी : एडीएम सिटी

## सिटी डेवलपमेंट कमेटी की बैठक में दिए निर्देश




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया की अध्यक्षता में सिटी डेवलपमेंट कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम सिटी ने शहर के सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पार्कों के विकास, सड़कों के सुदृढ़ीकरण, ट्रैफिक व्यवस्था सुधार सहित अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी निर्धारित कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं। इसके लिए अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पीपीटी के माध्यम से अब तक किए गए कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही शहर के अन्य विकासात्मक प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में यूआईटी सचिव ललित गोयल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रेलर-बाइक भिड़ंत में दो युवकों की मौत, एक घायल





भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

शंभुगढ़ थाना क्षेत्र के खेड़जी चौराहे पर मंगलवार को ट्रेलर और बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में खेड़जी निवासी कमलेश पुत्र माधव भील और जालमपुरा निवासी दुर्गालाल पुत्र उमगा भील शामिल हैं। हादसे में घायल लक्ष्मण बलाई को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जालमपुरा से शंभुगढ़ जा रही बाइक ट्रेलर से टकरा गई। दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर प्रदर्शन कर ओवरब्रिज बनाने की मांग करते हुए जाम लगा दिया। सूचना पर गुलाबपुरा डीएसपी और शंभुगढ़ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराया।

पुलिस के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले युवक कमलेश ने रास्ते में लिफ्ट ली थी। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द किया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# जूनियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता मे भीलवाडा की बालिका टीम तीसरे स्थान पर रही



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

चुरू जिले के रतनगढ़ में जूनियर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हुई । जिसमें भीलवाड़ा बालिका टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। भीलवाड़ा संघ अध्यक्ष महेश पूरी ने बताया की प्रतियोगिता में भीलवाड़ा बालिका वर्ग ने मोनिका की कप्तानी में कनुप्रिया भरद्वाज, फिजा मंसूरी, ललिता, अल्फिना व कंचन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालिक वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। भीलवाड़ा संघ सचिव मोहम्मद इस्माइल ने व टीम मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा सहित दिनेश कुमार, प्रेम, सुशील नरेंद्र , गोविन्द पाठक, इक़बाल, मनीष नारायण भदाला सभी ने शुभकानाए प्रेषित की।




**QUICK BITES**

## प्रतापनगर पुलिस ने चोरी की बाइक 24 घंटे में बरामद की , एक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली।

पुलिस ने बताया की 25 अगस्त को मुकेश सुवालका निवासी आजादनगर ने रिपोर्ट दी थी कि 23 अगस्त को घर के बाहर से उनकी बाइक चोरी हो गई थी। रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई।

गठित टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी कपिल उर्फ कमल भाम्भी निवासी बजरंग कॉलोनी, जवाहरनगर को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है ।पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## फॉर्म पौंड में डूबने से विवाहिता की मौत, दो माह पहले हुआ था नाता विवाह

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



देवखेड़ा गांव में मंगलवार को खेत से चारा लेकर लौट रही एक विवाहिता की फॉर्म पौंड में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल छा गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शाहपुरा सैटेलाइट अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के अनुसार सुबह करीब 9 बजे माया पत्नी द्वारका उम्र 22 वर्ष अपने पति के साथ खेत पर चारा काटने गई थी। करीब 11 बजे दोनों पति-पत्नी चारे के गट्ठर लेकर लौट रहे थे। रास्ते में फॉर्म पौंड के पास माया ने पति से कहा कि वह पैर धोकर घर पहुंचेगी। इस पर पति द्वारका घर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो माया वहां नहीं मिली। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। दोपहर करीब 3 बजे परिजन फिर से फॉर्म पौंड पहुंचे तो बाहर महिला की चप्पल पड़ी मिली। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से तालाब में तलाश की गई, जहां से महिला का शव बरामद हुआ।

मृतका का मायका अजमेर जिले की सरवाड़ तहसील के भगवानपुरा गांव में बताया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। माया का मात्र दो माह पहले ही नाता विवाह हुआ था।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# भक्ति और उल्लास के साथ छोटा रुणिचा धाम में मना भादवी दूज पर्व

## हजारों श्रद्धालु पहुंचे, फूलों की होली और भजन संध्या ने बांधा समां

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल छोटा रुणिचा धाम में भादवी दूज का पर्व मंगलवार को भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। ढोल-डीजे की थाप पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं के जत्थे ने बाबा रामदेवजी के नेजे धाम पर चढ़ाए और पूरे परिसर में जयकारों की गूंज रही।

गादीपति महंत हीरालाल जोगी ने बताया कि इस अवसर पर भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। यादव कॉलोनी, खड़ीपुर सलावटिया, आरोली रसदपुरा, बंजारों और भीलों की जलेरी सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। भजन गायकों गोविंद मतवाला, धीरज मेघवाल, बबलू कुमार वैष्णव, प्रेमनाथ और सूरज राणावत ने प्रस्तुति दी, तो भक्त भक्ति रस में झूम उठे। देर रात 2 बजे श्री जिंद बाबा का आवागमन हुआ और धर्मध्वजा फहराई गई। इस दौरान फूलों की होली और सार्वजनिक आरती भी हुई। मंदिर का दान पत्र खोलने पर 30 हज़ार 325 रुपए की राशि प्राप्त हुई। मंदिर विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा ने बताया कि मुंबई से शीशमल जैन व रौनक जैन ने चांदी की चरण पादुका अर्पित की, वहीं केलवाड़ा निवासी रजत अग्रवाल ने पुत्र जन्म पर पालना चढ़ाया।



इस बार राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। छोटा रुणिचा प्रेम परिवार की ओर से श्रद्धालुओं को मां अन्नपूर्णा की तस्वीर और बाबा के नेजे भेंट किए गए। कार्यक्रम में हरियाणा से राजपाल नाथ, पंजाब से बलविंदर नाथ सहित प्रेम परिवार के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नौगांवा में जलझूलनी एकादशी मेले की तैयारियां जोरों पर, फ्लेक्स का विमोचन

## सभी कार्यकर्ता पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में करेंगे सेवा कार्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट नौगांवा की ओर से माधव गौशाला परिसर स्थित मंदिर में जलझूलनी एकादशी मेले की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंगलवार को मेले के प्रचार-प्रसार हेतु फ्लेक्स का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मेला संयोजक मदन गोपाल कालरा, सह-संयोजक सोहनलाल गहलोत और लक्ष्मीलाल तिवारी मौजूद रहे।

ट्रस्ट के महामंत्री कैलाश डाड ने बताया कि जिलेभर में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है और घर-घर जाकर पीले चावल बांटकर श्रद्धालुओं को ठाकुरजी की बेवाण यात्रा के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम 31 अगस्त से शुरू होंगे।




मुख्य आकर्षण 3 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे ठाकुरजी की भव्य बेवाण यात्रा होगी, जो मंदिर से प्रारंभ होकर नौगांवा तालाब तक जाएगी। वहां ठाकुरजी को झूला झुलाया जाएगा। इस पवित्र बेवाण को अपने कंधों पर उठाने के लिए सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य लोग भी शामिल होंगे।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वागत, शोभायात्रा, चिकित्सा, महाआरती, पार्किंग, भोजन, पेयजल व सुरक्षा समेत विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इस बार सभी कार्यकर्ता सफेद धोती-कुर्ता पहनकर सेवा देंगे, जो एकता और आध्यात्मिकता का प्रतीक होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नौगांवा चौराहे से मंदिर तक ई-रिक्शा सेवा भी उपलब्ध रहेगी।

# सवाईपुर क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से छलके एनिकट

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव )- सवाईपुर कस्बे सहित सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, खरेड़, पिथास सहित अन्य कई गांवों में मंगलवार दोपहर को हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर से क्षेत्र के जलाशयों में पानी की आवक शुरू हुई । क्षेत्र में दोपहर 1 बजे मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो लगातार 2 घंटे तक चला, इस दौरान स्कूल से घर जाने के लिए छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, 2 घंटे में 40 एमएम बारिश दर्ज की गई । क्षेत्र की प्रमुख कोठारी नदी सहित अन्य जलाशयों में पानी की आवक शुरू हुई । क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव के शिव सागर तालाब के ऊपर बने एनिकट पर 5 इंच की चादर चलने से तालाब में अच्छी खासी आने की हुई । मूसलाधार बारिश से खेत पानी से लबालब हो गए।।




# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा 2025: निकाली ऑनलाइन लॉटरी

## भीलवाड़ा जिले से चुने गए 203 हवाई और 1695 रेल यात्री

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रियों के चयन हेतु मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई। यह लॉटरी जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार एडीएम प्रशासन ओ.पी. मेहरा द्वारा निकाली गई।

लॉटरी प्रक्रिया के बारे में देवस्थान विभाग के सहायक लेखाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने उपस्थित जनों को अवगत करवाया। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा तीन डेमो



लॉटरी निकाली गई, तत्पश्चात मुख्य लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई।

देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के तहत भीलवाड़ा जिले से 203 हवाई यात्रियों तथा 1695 रेल यात्रियों का चयन किया गया है।

इस अवसर पर एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, संयुक्त निदेशक डीओआईटी पवन नानकानी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों से त्रस्त शाहपुरा, संगठनों ने मांगी कर्मचारियों की बहाली

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

। शहर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर है। गली-मोहल्लों और चौराहों पर झुंड बनाकर कुत्ते राहगीरों पर हमला कर रहे हैं। तीन दिन में 26 डॉग बाइट के मामले सामने आ चुके हैं, जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थिति को काबू में करने के लिए नगरपालिका ने आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया, लेकिन इसी दौरान सोशल मीडिया



पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुत्ते के साथ ज्यादती का आरोप लगाया गया। वीडियो सामने आते ही आयुक्त रिंकल गुप्ता ने 6 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। हालांकि वीडियो डालने वाले युवक ने बाद में माफी मांग ली और वीडियो भी हटा दिया, लेकिन कर्मचारियों के निलंबन से अभियान ठप हो गया। इस कार्यवाही से नगरवासियों और संगठनों में आक्रोश फैल गया। गो रक्षा समिति और अखिल भारतीय मजदूर संघ ने ज्ञापन देकर सभी कर्मचारियों की बहाली की मांग की। संगठनों का कहना है कि कुत्तों के आतंक को रोकने में कर्मचारियों की अहम भूमिका है। इधर रेबीज क्लिनिक इंचार्ज डॉ. अभय धाकड़ ने बताया कि क्लिनिक 24 घंटे चालू है और पीड़ितों को तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# शाहपुरा के वेदांत ने जीता गोल्ड, राजस्थान टीम अपराजित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

बिहार के बोधगया में हुई 44वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर शूटिंग बॉल चैम्पियनशिप (बालक वर्ग 17 वर्ष) में राजस्थान ने फाइनल में पंजाब को 21-18, 21-17 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। शाहपुरा के वेदांत व्यास ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन किया। टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। यंग स्पोर्ट्स क्लब शाहपुरा के प्रशिक्षक दिनेश पाल धाभाई ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के कारण वेदांत का चयन हुआ था। इससे पहले क्लब की सिया खान और दर्शिका लखारा भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं। वेदांत की उपलब्धि पर क्लब



पदाधिकारियों व नगरवासियों ने खुशी जताई और बधाई दी।

# मॉडल स्कूल में ईवीएम से बाल संसद चुनाव सम्पन्न

## अटल लैब में बनाई गई मशीन से डाले गए वोट, नोटा का विकल्प भी रहा उपलब्ध

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में बाल संसद के चुनाव आयोजित हुए। इस बार का चुनाव विशेष इसलिए रहा क्योंकि विद्यालय की अटल लैब में व्याख्याता बुद्धि प्रकाश मीणा द्वारा तैयार की गई ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान कराया गया।

इस ईवीएम मशीन की खासियत यह रही कि इसमें मतदाताओं के लिए नोटा का बटन भी उपलब्ध था, जिससे छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र की वास्तविक प्रक्रिया का अनुभव किया। चुनाव प्रभारी लोकेश कुमार चौधरी और रत्ना टेलर ने बताया कि बाल संसद चुनाव में प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री, पर्यावरण मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री सहित कुल छह पदों के लिए मतदान हुआ। प्रत्येक पद पर छह-छह उम्मीदवारों सहित कुल 36



प्रत्याशी मैदान में थे।

प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बताया कि मतदान में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय मीडिया प्रभारी परमेश्वर प्रसाद कुमावत और प्रकाश चन्द्र धोबी भी मौजूद रहे।

# पिथास में रामदेव जयंती पर भक्ति रस में डूबी भजन संध्या

## हर्षित लोहार, माही शेखावाटी व अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती पिथास गांव में बाबा रामदेव जी की जयंती पर भादवी बीज के अवसर पर सोमवार देर रात विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक कलाकारों ने भक्ति रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीसी सदस्य नीरज गुर्जर और श्रीजी ग्रुप के डायरेक्टर शंकरलाल डांगी रहे।



कमेटी सदस्य धर्मराज बलाई ने बताया कि भजन संध्या की शुरुआत हरीश वर्मा ने गणपति विवेक गणेश वंदना से की। इसके बाद सुप्रसिद्ध गायक हर्षित लोहार ने गेरी-गेरी बिरखा भाया थे पाछा किया जाओज और खम्मा-खम्मा हो रामा रूणिचा रा धनियाज जैसे भजनों से भक्ति रस का माहौल बना दिया। वहीं डीजे किंग कमलेश सेन ने लिलो-लिलो घोड़ों जी रामों पीरज और तेजल मारो लिलण सिणगारे जैसे गीतों से सबको मंत्रमुग्ध किया।

नृत्यांगना माही शेखावाटी, पायल राणा और सिमरन भीलवाड़ा ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। हास्य कलाकार सांवर सेन ने अपनी कॉमेडी से खूब ठहाके लगवाए। मंच संचालन नवीन शर्मा ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज गुर्जर ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया और बाबा रामदेव जी की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गणेश जाट सवाईपुर मंडल अध्यक्ष, ज्वाला सिंह पूर्व सरपंच, हरलाल गुर्जर पूर्व सरपंच, भवानी शंकर शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सुसमा अभियान से 7 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को मिला सड़क सुरक्षा संदेश

## भीलवाड़ा में बालिका विद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान सुसमा के तहत मंगलवार को राजकीय सेठ मुरलीधर मानसिंहका बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीलवाड़ा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह आयोजन पीडब्ल्यूडी, उच्च शिक्षा विभाग व सड़क सुरक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

मुख्य अभियंता (गुण नियंत्रण) जसवंत खत्री ने बताया कि यह



अभियान पूरी तरह नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने बताया कि यात्रा 9 अगस्त रक्षाबंधन से प्रारंभ हुई । जो 15 सितम्बर अभियंता दिवस तक चलेगी और राजस्थान के 19 जिलों में जागरूकता संदेश पहुंचाएगी। यात्रा के 8वें चरण में यह भीलवाड़ा पहुंची। कार्यक्रम में एनसीसी/ एनएसएस/ रेंजर्स की छात्राओं को हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर शिक्षिकाओं, महिला अभियंताओं और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की उपस्थिति रही। सुसमा अभियान के तहत महिला सहायक अभियंता संतोष गुर्जर व मधु मीणा ने 43 संस्थाओं में जाकर अब तक 7092 छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

## QUICK BITES

### वेद संस्थान बरुन्दनी में श्रावणी उपाकर्म सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**रमेश चंद्र डाड ।** श्रीमुनिकुलब्रह्मचर्याश्रम वेद संस्थान बरुन्दनी में सोमवार को वार्षिक श्रावणी उपाकर्म संस्कार आयोजित हुआ। इसमें 185 वैदिक छात्रों ने वेदाध्यापकों व अभिभावकों की उपस्थिति में यज्ञोपवीत परिवर्तन कर वेद अध्ययन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

आचार्य श्री ईश्वर लाल शर्मा व श्री नीलांबर त्रिपाठी ने गणपति पूजन, ऋषि पूजन, गायत्री पूजन व ऋषि तर्पण करवाया। प्रधानाध्यापक कैलाश चंद्र जोशी सहित वेदाध्यापकगण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### सोडाणी परिवार ने विद्यार्थियों को बांटे छाते

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



संस्कार बाल विद्या मंदिर टिटोड़ा जागीर में भामाशाह सोडाणी परिवार ने बरसात में बच्चों की सुविधा को देखते हुए 115 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क छाते वितरित किए।

संस्था प्रधान रामेश्वर मीना ने इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी सहयोग बताया। विद्यालय परिवार व अभिभावकों ने सोडाणी परिवार का आभार जताया।

### रामदेवजी पदयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



मेज नदी किनारे स्थित रामदेव भंडारे से मंगलवार को भव्य पदयात्रा गाजे-बाजे और श्रद्धा-उत्साह के साथ प्रारंभ हुई। सुबह 10 बजे शुरू हुई यह यात्रा बरोदा होते हुए प्राचीन ग्राम काबरी के रामदेवजी मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन हुआ।

यात्रा में सैकड़ों पदयात्री बाबा रामदेवजी के निशान व ज्योत के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसके बाद सभी भक्तगण अपने-अपने घर लौटे।

### बिजोलिया में 1500वें जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारियां शुरू

#### मदरसे पर झंडा फहराकर अमन-चैन की दुआ की गई

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



12 रबीउल अव्वल चांद के दीदार के मौके पर बिजोलिया स्थित मदरसे में झंडा फहराकर 1500वें जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी गई। इस अवसर पर अमन-चैन और भाईचारे का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में आगामी 5 सितम्बर 2025 को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर अमन का परचम लहराकर पैगम्बर-ए-इस्लाम के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। इस दौरान फातिहा खानी की गई और देश की सलामती व शांति की दुआ मांगी गई। साथ ही मदरसे के बच्चों को तबर्रुक वितरित किया गया।

मौके पर पेश इमाम जाकिर हुसैन साहब, शाह कमेटी के सदर शाहिद हुसैन ट्रेलर सहित नगर के जिम्मेदार लोग व बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।